छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर

पत्र क्र0/ 657 /प्रेसविज्ञप्ति/2024 रायपुर, दिनांक 09.12.2024

:: प्रेस विज्ञप्ति ::

महत्वपूर्ण सूचना
प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना
केन्द्रीय क्षेत्रीय छात्रवृत्ति योजना – महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयीन विद्यार्थियों हेतु
(PM-USP CSSS)
वित्तीय सत्र 2024–25 हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण)
Online आवेदन करने की अंतिम तिथि
15.11.2024 से बढ़ाकर 15.12.2024 तक

मानव संसाधन विकास मंत्रालय उच्च शिक्षा विभाग, द्वारा कॉलेज एवं विश्वविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए संचालित केन्द्रीय क्षेत्रीय छात्रवृत्ति के शैक्षणिक सत्र 2023–24 हेतु राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (**NSP**) के माध्यम से आवेदन जमा किया जाना प्रक्रियाधीन हैं।

तत्संबंध में महत्वपूर्ण सूचना है कि वर्ष 2024 के लिये नवीन एवं 2019, 2020, 2021, 2022, 2023 नवीनीकरण आवेदन करने की एवं महाविद्यालय स्तर पर सत्यापन करने की अंतिम तिथि निम्नानुसार की गई है :–

विवरण	मौजूदा समापन तिथि	वृद्धि उपरांत अंतिम तिथि
आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि	15.11.2024	15.12.2024
महाविद्यालय स्तर पर सत्यापन की अंतिम तिथि (L1)	30.11.2024	31.12.2024

अतएव ऐसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश आजपर्यन्त **Online** आवेदन जमा नहीं कर पाये है वे शीघ्र ही **National Scholarship Portal** के माध्यम से राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल **www.scholarships.gov.in** का उपयोग कर **निर्धारित तिथि 15.12.2024** तक **Online** आवेदन जमा करें।

समस्त आवेदित विद्यार्थियों का महाविद्यालय स्तर पर **Online Verification** होने की सुनिश्चितता निर्धारित तिथि तक अनिवार्यतः करें। तत्पश्चात् ही माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा **Online Verification** किया जाना संभव हो सकेगा। अतः **महाविद्यालय संबंधित विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति के आवेदन प्रतिदिन Online Verification उपरांत इस कार्यालय को अनिवार्यतः अग्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि समस्त पात्र (Eligible) छात्र इस योजना से लाभान्वित हो सकें।**

उपसचिव
छ0 ग0 माध्यमिक शिक्षा मण्डल
रायपुर

प्रति,

आयुक्त जनसम्पर्क,

दैनिक समाचार पत्र .... रायपुर

कृपया प्रदेश स्तर पर प्रकाशित होने वाले अपने लोक प्रिय समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करेंगें।